जागरण

नकली सिरप बेचने वाली अवैध फैक्ट्री का पर्दाफाश, पुलिस ने मारा छापा; सरगना समेत तीन गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक नार्को सिंडिकेट के सरगना समेत तीन ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। इनमें सरगना ने नकली कोडीन सिरप बनाने के लिए बवाना के सेक्टर दो औद्योगिक क्षेत्र में किराये पर एक फैक्ट्री ले रखी थी, जहां उसने मशीनें लगवा रखी थी।

वहां से एक करोड़ रुपये मूल्य की अल्फ्राजोलम टैबलेट, ट्राइप्रोलिडाइन हाइड्रोकोराइड और कोडीन फास्फेट ब्रांड की नकली सिरप सहित प्रतिबंधित दवाए व साइकोट्रोपिक पदार्थ जब्त किए।

कोडीन खांसी की दवा होती है और अल्फ्राजोलम टैबलेट दर्द निवारक गोलियां हैं, जिसका इस्तेमाल एंजाइटी आदि में किया जाता है। उक्त दवाओं का अत्यधिक डोज लेकर लोग इसका नशे के लिए इस्तेमाल करते हैं।

गिरोह के तार दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से जुड़े हैं। बरामद टैबलेट इलाहाबाद, यूपी और उत्तराखंड से मंगाए जाते थे। आरोपित इन दवाओं को ड्रग्स तस्करों के अलावा दवा विक्रेताओं को ऊंची दर पर अवैध तरीके से बेचते थे।

विशेष आयुक्त क्राइम ब्रांच देवेश चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक पकड़े गए आरोपितों के नाम समालुद्दीन उर्फ सादिक (सरगना), सलमान व गुलजार है। 25 दिसंबर को क्राइम ब्रांच ने गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को दिल्ली से दबोच लिया।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-illegal-factory-selling-fake-syrup-busted-police-raided-three-arrested-including-the-kingpin-23856847.html